52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.2°c | अधिकतम 32.9 °c

**अमृतवाणी**

स्वभाव रखना है तो उस दीपक की तरह रखिये, जो बादशाह के महल में भी उतनी ही रोशनी देता है, जितनी कि किसी गरीब की झोपड़ी में देता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

जब जब राक्षसी प्रवृत्तियां ताकतवर होंगी हमें एकजुट होना होगा : योगी आदित्यनाथ



सूर्योदय : 5:45 सूर्यास्त : 7:03 | वर्ष : 52/ अंक : 222 | रविवार, 11 अगस्त 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

युग गवाह हैं कि सदैव राक्षसों का विनाश हुआ है........

# वाह रे ठग...डीएम के नाम से बना लिया फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट

▶ श्रीलंका के नंबर पर अरविंद मल्लप्पा बंगारी के नाम से व्हाट्सएप खाता बना किए गए मैसेज ▶ शुरुआत में ही मामला पकड़ में आने के बाद प्रशासन ने जारी किया अलर्ट, जांच शुरू ▶ फर्जी अकाउंट से भेजे गए मैसेज

**मुजफ्फरनगर, 10 अगस्त (बु.)।** फर्जी व्हाट्स एप, फर्जी फेसबुक आईडी, फर्जी इंस्टाग्राम आईडी और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फर्जी अकाउंट से धोखाधड़ी और ठगी के तमाम मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन एक शातिर ने तो जिले के कलेक्टर का फोटो लगाकर श्रीलंका के नंबर पर फर्जी व्हाट्स एप बिजनेस अकाउंट बनाकर दुस्साहस की सभी सीमाएं पार कर दीं। यही नहीं इस अकाउंट से जब लोगों को मैसेज भेजे गए तो इसकी पुष्टि करने पर धोखाधड़ी का पर्दाफाश हुआ। इसके बाद जिला प्रशासन ने इस फर्जी अकाउंट को लेकर सूचना जारी करते हुए तमाम लोगों को सावधान किया कि वे इस व्हाट्स एप अकाउंट के धोखे में ना आएं। प्रशासन ने यह फर्जी अकाउंट बनाने वाले की जांच भी शुरू की है।

साइबर ठगों द्वारा पैसे हड़पने के लिए तमाम तरह के हथकंडे इस्तेमाल कर रखे हैं। ऐसे मामले रोज सामने आते रहे हैं। साइबर ठग कई प्रकार लोगों से पैसे ठगते रहे हैं। इसमें बड़े अधिकारियों और बड़े लोगों के नाम से भी ठगी की जा रही है। साइबर ठग तमाम तरीके '२ इसके लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रतिदिन साइबर ठगी के ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी के फोटो और नाम का दुरुपयोग कर व्हाट्सएप अकाउंट बनाने का है। यह अकाउंट श्रीलंका के फोन नंबर से बनाया गया है। इसका नंबर है +94 784802512 है। व्हाट्सएप का यह बिजनेस अकाउंट अरविंद मल्लप्पा बंगारी के नाम से बनाया गया है। पिछले महीने ही यह व्हाट्स एप अकाउंट बनाया गया। हालांकि आज इस नंबर से एक फोन पर व्हाट्सएप मैसेजेज आए। इसमें हेलो, हाउ आर यू डूईंग, व्हेअर आर यू एट दी मूमेंट। इस मामले को संदिग्ध मानते हुए जब जिलाधिकारी से बात की तो पता चला कि यह खाता फर्जी है। इसके बाद प्रशासन ने एक सूचना जारी करते हुए बताया कि जिलाधिकारी मुज़फ़्फ़रनगर अरविंद मल्लप्पा बंगारी की प्रोफाइल पिक्चर का गलत इस्तेमाल कर व्हाट्स एप के माध्यम से मैसेज भेजकर गलत उपयोग किया जा रहा है। कृपया सभी सावधान एवं सतर्क रहें। किसी भी प्रकार की कोई व्यक्तिगत जानकारी अथवा धनराशि ना दें। प्रशासन ने इस पर समुचित कानूनी कार्रवाई करने की बात भी कही है।

## एसएसपी बोले: साइबर थाने में मुकदमा दर्ज




जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी के नाम का उपयोग कर फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाए जाने के मामले में साइबर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। इसकी जांच की जा रही है। अभी इसमें कोई अन्य मैसेज आदि की बात सामने नहीं आई है। जांच के बाद ही इसका खुलासा होगा।

**अभिषेक सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर।**

## डीके सिंह के सीयूजी नंबर से भी की गई थी साइबर बदमाशी

**मुजफ्फरनगर। डीके सिंह मुजफ्फरनगर डीएम रहते उनके नाम पर साइबर अपराध किया गया था। एक मोबाइल फोन से हस्तिनापुर के एक व्यक्ति को कॉल कर धमकी दी गई थी। धमकी के साथ उस व्यक्ति से गाली गलौच की गई। रिसीवर फोन डीएम के सीयूजी नंबर को शो कर रहा था। बाद में उक्त व्यक्ति ने डीएम के फोन पर इसकी जानकारी की तो इसका खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि बेंगलूर से इंटरनेट कॉल से यह धमकी दी गई। इसके लिए डीएम के सीयूजी नंबर का प्रयोग किया गया था।**




## तरह तरह से लोग हो रहे साइबर ठगों के शिकार

▶ ऑन लाइन धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होते हैं फर्जी सिम

**मुजफ्फरनगर, 10 अगस्त (बु.)।** विगत दिनों कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें फर्जी फोन कॉल या व्हाटसएप और फेसबुक या इंस्टाग्राम मैसेज के जरिए लोगों को धोखा देकर या ।ांसा देकर पैसे की ठगी गई है। इनमें विगत दिनों एक सामान्य साइबर धोखाधड़ी में किसी पुलिस अधिकारी का फोटो लगे नंबर से कॉल कर कहा जाता रहा है कि आपका बच्चा या कोई रिश्तेदार किसी अपराध में फंसा है। उसे बचाना है तो इतने पैसे भेज दें। कई बार मैसेज भेजे गए हैं कि विदेश में कोई परिजन बीमार है और उसके इलाज के लिए तत्काल पैसे की जरूरत है। फेसबुक पर तो ऐसे विज्ञापनों की भरमार है, जिसमें कोई वस्तु बेचने के लिए काफी सस्ते दाम बताकर एडवांस पेमेंट कराया जाता है। पेमेंट करने के बाद या तो सामान आता नहीं या आता है तो ऐसा आता है कि खरीदने वाला अपना माथा पीट लेता है। अधिकांश मामलों में स्कैमर्स भारतीय ही नहीं पाकिस्तानी +92 वाले एफओएम नंबर से इस्तेमाल करते हैं। +92 देश कोड पाकिस्तान के लिए है, और भारतीय नागरिकों को निशाना बनाने के लिए वॉट्सऐप का उपयोग करने वाले स्कैमर्स इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। पहली बार श्रीलंका के नंबर +94 के प्रयोग का मामला जिले में सामने आया है। साइबर जानकारों के अनुसार वर्चुअल फोन नंबर व्यवसायों और व्यक्तियों द्वारा गोपनीयता, मार्केटिंग और संचार जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले वैध उपकरण हैं। हालांकि, घोटालेबाज अब इन वर्चुअल फोन नंबरों का उपयोग धोखाधड़ी संबंधी गतिविधियों के लिए कर रहे हैं।

## कैसे करें शिकायत दर्ज?

मुजफ्फरनगर । केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ऑनलाइन ठगी या साइबर क्राइम को रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस नंबर पर कॉल करके आप शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। धोखाधड़ी की शिकायत आप नेशनल हेल्पलाइन नंबर 155260 पर दर्ज करवा सकते हैं। जैसे ही आपके साथ कोई ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है, वैसे ही इस नंबर पर कॉल करे। उसके बाद आप मंत्रालय की साइबर पोर्टल https:// cybercrime.gov.in/ पर भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। ऑनलाइन ठगी के शुरूआती 2-3 घंटे काफी अहम होते हैं। आप जितनी जल्दी शिकायत दर्ज करते हैं, उतना ज्यादा पैसे वापस आने की संभावना बढ़ जाती है।

## ठगी के सदमे से पीड़ित की मौत

**खतौली, 10 अगस्त (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मढकरीमपुर निवासी राजीव की पत्नी बबीता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका पति राजीव गत 9 जून को नगर के एक्सिस बैंक के एटीएम से अपने बैंक खाते से रुपये निकालने आया था। बबीता का कहना था कि जब राजीव ने एटीएम मशीन मे ंअपना कार्ड लगाया तो किन्हीं कारणवश कार्ड एटीएम में फंस गया। बबीता का आरोप है कि इसी दौरान कैबिन में खड़े एक अज्ञात युवक ने मदद करने की बात करते हुए मशीन से कार्ड निकालने के दौरान राजीव को दूसरा कार्ड बदलकर दे दिया। बबीता का आरोप हे कि कुछ समय बाद ही उनके मोबाइल पर उनके खाते से 7500 रुपये निकाले जाने का मैसेज आया तथा उसके बाद 5 व 8 जुलाई को उनके बैंक खाते से रुपये निकाले गए। इस प्रकार राजीव के खाते से कुल 92500 रुपये निकाल लिये गए। जिस पर उसके पति राजीव द्वारा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गयी, परंतु कोई संतोषजनक कार्यवाही न होने के कारण राजीव बेहद तनाव में रहने लगे। बबीता का कहना है कि बैंक खाते से भारी रकम निकाले जाने से तनाव से ग्रस्त उसके पति राजीव की हार्ट अटैक से 12 जुलाई को मौत हो गयी। मृतक की पत्नी द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर कार्ड बदलकर खाते से रुपये निकालने वाले के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। तहरीर पर कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

## तीन साल में 5 करोड़ मोबाइल कनेक्शन काटे

**नई दिल्ली, 10 अगस्त (एजेंसी)।** देश में साइबर अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। खासतौर पर, साइबर अपराधियों द्वारा मोबाइल फोन के जरिए लोगों को आर्थिक चपत लगाई जा रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने देश में सभी प्रकार के साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए एक संलग्न कार्यालय के रूप में 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' की स्थापना की है। गत तीन वर्ष में केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रयासों से 2400 करोड़ रुपये, साइबर अपराधियों के हाथों में जाने से रोके गए हैं। इन मामलों को लेकर 7.6 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थी। सात लाख व्हाट्सएप अकाउंट बंद किए गए हैं। इसके अलावा पांच करोड़ से अधिक मोबाइल फोन कनेक्शन, काटे गए हैं। इनकी सूचना ऑनलाइन 'डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म' पर साझा की गई है।

# शत्रु सम्पत्ति बताकर किया जा रहा दुष्प्रचार : स्वरूप परिवार

▶ शत्रु सम्पत्ति होती तो प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण के बदले क्यों की धनराशि अदा ▶ परिवार बोला किसी को संशय हो तो शत्रु सम्पत्ति अधीक्षक कार्यालय और सर्वोच्च न्यायालय में रिव्यू पिटीशन दायर कर मांग सकता है जानकारी

**मुजफ्फरनगर, 10 अगस्त (बु.)।** नई मण्डी, द्वारिकापुरी, गांधी कॉलोनी की सम्पत्ति को लेकर भले ही सियासत गर्मायी हुई हो, मगर स्वरूप परिवार ने शनिवार को साफ किया कि कुछ लोग इस क्षेत्र की भूमि को शत्रु सम्पत्ति होने का दुष्प्रचार कर रहे हैं। यदि यह भूमि शत्रु सम्पत्ति होती तो प्रशासन इस इलाके में अधिगृहीत की गयी भूमि के एवज में धनराशि क्यों अदा करता।

शहर की नई मण्डी, द्वारिकापुरी, गांधी कॉलोनी आदि की भूमि को लेकर विवाद तो काफी समय से गहराया हुआ है मगर दो दिन पहले सांसद हरेन्द्र मलिक ने संसद में यह मामला उठाकर इस क्षेत्र में सम्पत्ति की खरीद फरोख्त पर लगी रोक को हटाने की मांग की थी। सांसद मलिक के सवालों को लेकर शुक्रवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने जवाब देते हुए इसे शत्रु सम्पत्ति बताया था। उनका आरोप था कि सांसद मलिक हजारों करोड़ की सम्पत्ति पर काबिज भू माफिया परिवार को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं।





गर्मायी सियासत के बीच शनिवार को स्वरूप परिवार की ओर से शत्रु सम्पत्ति बताकर प्रतिबंधित की गयी करीब 570 बीघा भूमि को गलत ढंग से कार्यवाही की जद में लेने का आरोप लगाते हुए बताया कि खेवट 4/1 महाल रुस्तम अली खां अंदर हदूद ग्राम यूसुफपुर के सम्बंध में यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि यह भूमि शत्रु सम्पत्ति है। वास्तव में उक्त भूमि शत्रु सम्पत्ति नहीं है। असल तथ्य यह है कि इस भूमि का क्षेत्रफल 187 बीघा, 15 बिस्वांसी यानि 570 बीघा है। शत्रु सम्पत्ति अधिनियम की नींव केवल इस तथ्य पर आधारित है कि सम्पत्ति मालिक 1947 के बाद भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे और वहीं की नागरिकता प्राप्त कर ली थी। स्वरूप परिवार ने बताया कि शत्रु सम्पत्ति प्रकरण में यदि किसी भूमि का वर्गीकरण होगा तो वह 1947 के बाद की सम्पत्ति पर लागू होगा। इस भूमि का जुड़ाव 1947 से पहले 1942 से है। 1942 में ही सम्पत्ति मालिक रुखनुदुल्लाह शमशेर जंग नवाब ने लाला दीपचंद के हक में इस भूमि को बेचने के लिए विक्रय पत्र लिखवाया था। इस भूमि का सौदा लाला दीपचंद के साथ नवाब ने रुपये 62000 में तय किया था। पेशगी के तौर पर लाला दीपचंद ने 5000-5000 रुपये के दो चेक नवाब रुखनुदुल्लाह के हक में अदा किये थे जो नवाब ने अपने बैंक खाते में भुनाने के उपरान्त धनराशि प्राप्त कर ली थी। इसी बीच नवाब और लाला दीपचंद के बीच इस भूमि के सौदे को लेकर अनबन हुई और नवाब ने लाला दीपचंद के हक में किया गया विक्रय पत्र तोड़ते हुए अप्रैल 1942 को लाला दुर्गा प्रसाद के हक में समस्त भूमि की सेल डीड कुल रकम 18000 रुपये में कर दी थी। इस मामले में लाला दीपचंद ने लाला दुर्गा प्रसाद के खिलाफ सिविल कोर्ट मेरठ में वाद दायर कर दिया था जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक चला और अदालत ने 1950 में लाला दीपचंद के हक में पैसे जमा कराकर उक्त भूमि का बैनामा करा दिया था। स्वरूप परिवार का कहना है कि लाला दीपचंद और लाला दुर्गा प्रसाद दोनों ही भारत के नागरिक थे और विभाजन के बाद भी भारत में ही रहे। इस भूमि का मालिकाना हक लाला दीपचंद और उनके वंशजों के पास रहा जिसके आधार पर उन्होंने इस भूमि का कुछ हिस्सा अलग अलग लोगों को विक्रय किया है। जब लाला दीपचंद और उनके वंशज भारत के नागरिक रहे हैं तो ऐसे में यह भूमि शत्रु सम्पत्ति के दायरे में नहीं आती है। यदि फिर भी किसी को संशय है तो वह सर्वोच्च न्यायालय और शत्रु सम्पत्ति अधीक्षक कार्यालय से पुराने दस्तावेज निकलवा सकता है।

जय श्री राम | जय श्री राम

पंद्रह सौ चौवन विषै कालिन्दी के तीर। सावन शुक्ला सप्तमी, तुलसी धरेऊ शरीर।।

संत- शिरोमणी गोस्वामी तुलसीदास जयन्ती समारोह



बड़े हर्ष का विषय है कि अनमोल ग्रन्थ श्री रामचरित मानस के रचियता

युगदृष्टा गोस्वामी तुलसीदास जी

का जयन्ती–पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
आप सभी धर्मप्रेमी बन्धुजन कार्यक्रमानुसार सादर आमंत्रित हैं।

कार्यक्रम

रविवार, 11 अगस्त 2024

शक सम्वत् 2081, श्रावण मास, शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि

प्रातः 7.00 बजे : पंचामृत अभिषेक श्री तुलसीदास जी
सायं 4.30 बजे : पंचम सोपान श्री सुन्दर काण्ड पाठ (धर्मयात्रा महासंघ संकीर्तन मण्डल द्वारा)
सायं 6.30 बजे : रामलीला का भव्य मंचन
सायं 7.30 बजे : आरती, श्री भोग प्रसाद एवं भण्डारा

स्थानः तुलसीदास धाम पार्क
गोल मार्किट, मुजफ्फरनगर

मुख्य अतिथिः श्री यशवीर महाराज जी (बघरा वाले)

दीप प्रज्जवलनः
श्री कपिल देव अग्रवाल (राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार, उ0प्र0 सरकार) | संजीव बालियान (पूर्व सांसद) | श्रीमती मिनाक्षी स्वरूप बंसल (अध्यक्षा नगरपालिका परिषद, मु0नगर)

अति विशिष्ट अतिथिः
श्री अंकुर दुआ (सदस्य भारतीय प्रेस परिषद) | श्री भीम सैन कंसल (प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी) | श्री सतीश गोयल (टिहरी स्टील्स)

विशिष्ट अतिथिः
श्री विरेन्द्र कुमार (विक्रम लेबोट्रीज) | श्री शशिकान्त मित्तल (प्रान्तीय अध्यक्ष भा.वि.परिषद) | श्री राजकुमार गोयल (मोहित कलर्स)

विशेष आमंत्रित सदस्यः
श्रीमती महिका गुप्ता (सभासद) | श्री मनोज वर्मा (सभासद) | श्री विजय कुमार 'चिन्टू' (सभासद) | श्री सतीश कुकरेजा (सभासद) | श्री नरेश चन्द गुप्ता (सभासद)

सहयोगी संस्था– भारत विकास परिषद 'संकल्प', मुजफ्फरनगर

निवेदक– तुलसीदास धाम पार्क समिति, मुजफ्फरनगर

तुलसीदास धाम पार्क समिति
सम्बद्ध : गोल मार्किट व्यापार संघ, मुजफ्फरनगर
संस्थापक– श्री राममूर्ति जी, श्री प्रमोद संगल जी (अमूल वाले)

शिशुकान्त गर्ग (एड्वोकेट) – अध्यक्ष (गोल्डन कन्फैक्शनर्स) | सतीश अरोरा – सचिव (मेट्रो चप्पल) | महेन्द्रनाथ अरोरा – कोषाध्यक्ष (हरियाणा हैण्डलूम्स)

उपाध्यक्ष– संजीव संगम (संगम पैलेस), सादिक भारती (भारती टेलर) | सहसचिव– मोहित नागपाल (नागपाल रेडीमेड), राजेन्द्र अरोरा (न्यू पुरूषार्थी गारमेन्ट्स) | संगठन मंत्री– अजय मदान (सोनिया कलैक्शन)

सदस्यगणः–
सुरेन्द्र ठाकुर (कॉपरेटिव स्टोर), चन्द्रमोहन (हरबंस टेलर्स), भारत अरोरा (न्यू हैण्डलूम एम्पोरियम), राजकुमार संगम (संगम एम्पोरियम), किरण पाल (शिवानी कलैक्शन) प्रवीण जैन (वीर एजेन्सीज), हंसराज (यूनियन टेलर्स), राहुल अरोरा (बाटा एण्ड कम्पनी) विश्वदीप 'बिट्टू' (न्यू टिपटॉप) विक्रान्त गर्ग (नीरा ड्रिंक्स) किशन लाल (फैन्सी जनरल स्टोर), ईश्वर लाल (गंगा एण्ड कम्पनी), कनिक पुण्यानी (न्यू स्टाईल), श्री गांधी आश्रम, नवदीप मंगल (फैवरिट बिन्नी) अनुजय गोयल (मधुलिका), विजय गुरचा (किशोरी लाल एण्ड संस), गौहर राणा (राणा एण्ड संस)

सम्मानित आमंत्रित समाजसेवी
अशोक कुमार (क्वीन डेयरी), मुकेश सिन्धी (सिन्धी मैडिकल), प्रदीप कुमार (मोहन लाल एण्ड संस), नरेन्द्र अरोरा (पायल फुटवियर), सुशील अरोरा (आशु फुट वियर) अनिल अरोरा (अनिल सेल्स कॉरपोरेशन), रामकुमार गोयल (रामकुमार ज्वैलर्स), श्रवण कुमार जी सर्राफ, भूपेन्द्र कुमार (भोला पत्थर वाले) गोपाल वर्मा, नवीन गुप्ता संजय मित्तल (कानपुर लैदर), पंकज गुप्ता (कोल्हू वाले), राजकुमार खुराना (खुराना मैडिकल), कमल गुप्ता (ठेकेदार, सरकुलर रोड), ओम कुमार गर्ग (अध्यक्ष गोविन्द धाम शुक्रताल) नचिकान्त गर्ग, सुमित गोयल, मयंक तायल, मित्तरसैन कथूरिया (मंत्री श्री कृष्णा गौशाला), श्री ओम कुमार गर्ग (अध्यक्ष गोविन्द धाम शुक्रताल), सुभाष चन्द गुप्ता (सीमेन्ट वाले) कमल गोयल (पंजाब एण्ड सिंध बैंक), लोकेश चन्द्रा (बिजली विभाग), कुलदीप गुप्ता, जगदीश पॉलीवाल, विष्णु स्वरूप अग्रवाल, अशोक तायल, सी.ए. अश्वनी वर्मा

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of THE SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]

Register Now for 2024-25 | Sunday Open

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES — MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.) BBA BCA D.El.Ed. (BTC) — 8937095004/06/07/08/14

S.D. COLLEGE OF COMMERCE — M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio) B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ) — 8937095005/ 13

S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES — M.PHARM B.PHARM D.PHARM — 8937095011/ 27

S.D. COLLEGE OF LAW — B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B. — 9837556545 / 9897259855 / 9927275998

REGISTER ONLINE @ www.sdgroupofcolleges.edu.in

Admissions Available in: NCC, Rover Ranger, Unnat Bharat Abhiyan

Our Partners: BAJAJ FINSERV, ICWAI, UNNAT BHARAT ABHIYAN, NIELIT

आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
आपके दिल की बात RADIO SD 90.8 FM

Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

